तापमान

अधिकतम 41.3 डिग्री
न्यूनतम 22.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 29 अप्रैल 2026

12 कांग्रेस के साथ हुआ खेल, वार्ड नंबर 5 से पार्टी प्रत्याशी ...



12 रंगिया मंडी से जीटी रोड तक नई सड़क बनाने के ...



## शहजादपुर मुख्य बाजार के संकरे रास्ते में कैंटर घुसने से अफरा-तफरी

# हाईवोल्टेज तार की चपेट में आया कैंटर, सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

- दुकानदारों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाकर आग पर पाया काबू
- समय रहते कार्रवाई से बड़ा नुकसान टला, जनहानि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

शहजादपुर मुख्य बाजार में सोमवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब सामान से लदा एक कैंटर हाईवोल्टेज बिजली की तारों की चपेट में आ गया। तारों से टकराते ही निकली चिंगारियों से कैंटर की तिरपाल में आग लग गई, जिससे पूरे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार अंबाला की ओर से आ रहा कैंटर चालक रास्ता भटक गया और गलती से शहजादपुर के मुख्य बाजार के संकरे मार्ग में प्रवेश कर गया। अंधेरा होने के कारण चालक को ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों का अंदाजा नहीं हो सका। जैसे ही कैंटर आगे बढ़ा, वह सीधे हाईवोल्टेज तारों से टकरा गया। इस दौरान घर्षण से चिंगारियां निकलने लगीं, जिन्होंने देखते ही देखते कैंटर की तिरपाल को आग की चपेट में ले लिया।



शहजादपुर। तारों से उठती भयानक चिंगारियां। फोटो: हरिभूमि

### दुकानदारों हड़कंप

आग लगते ही आसपास मौजूद दुकानदारों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। लेकिन स्थानीय लोगों ने घबराने की बजाय साहस और समझदारी का परिचय दिया। उन्होंने तुरंत शोर मचाकर चालक को वाहन रोकने के लिए सचेत किया। चालक ने समय रहते गाड़ी रोक दी, जिससे स्थिति और गंभीर होने से बच गई।

### सामूहिक प्रयास से आग पर पाया काबू

इसके बाद दुकानदारों और ग्रामीणों ने मिलकर बिना समय गंवाए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने पास में उपलब्ध पानी का उपयोग किया, जबकि अन्य ने लकड़ी की सीढ़ियों की मदद से ऊपर चढ़कर जलती तिरपाल पर पानी डाला। सामूहिक प्रयास और त्वरित कार्रवाई के चलते आग को जल्द ही काबू में कर लिया गया। यदि थोड़ी भी देर हो जाती तो आग विकराल रूप ले सकती थी और आसपास की दुकानों तक फैल सकती थी।

### कैंटर चालक के रास्ता भटकरने से हादसा

कैंटर चालक ने बताया कि उसे काला आंब जाना था, लेकिन रास्ते के बारे में गलत जानकारी मिलने के कारण वह इस मार्ग पर पहुंच गया। उसने बताया कि उसे बाजार की संकरी गलियों और ऊपर से गुजर रही तारों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि या बड़ा आर्थिक नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, इस घटना ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और बिजली के तारों की ऊंचाई को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में लटक रही बिजली की तारों को व्यवस्थित किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर ठगे 5.36 लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर 5.36 लाख की ठगी, आरोपी पर केस दर्जयमुनानगर के गांव भागु माजरा निवासी देवराज से विदेश भेजने का झांसा देकर 5.36 लाख रुपये ठग लिए गए। शिकायत के अनुसार, देवराज विदेश में काम करने के इच्छुक थे। एक परिचित के माध्यम से उन्हें राहुल नामक युवक का नंबर मिला, जो खुद को एजेंट बताता था। दिसंबर 2024 में संपर्क करने पर आरोपी ने 15 दिन में विदेश भेजने का वादा किया और दस्तावेज मंगवा लिए। इसके बाद अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई के जरिए पैसे जमा करवाए। कुल 5.36 लाख रुपये लेने के बाद आरोपी ने उसे दिल्ली से मॉस्को भेजा, लेकिन एयरपोर्ट पर दस्तावेजों में खामी बताकर वापस भारत भेज दिया गया।

### बाइक सवार युवक ने महिला से छीना बैग

**यमुनानगर।** साढौरा बाजार में बाइक सवार युवक ने एक महिला के हाथ से बैग झपट लिया। बैग में उसका मोबाइल, एटीएम कार्ड, सोने व चांदी के जेवरात थे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढौरा निवासी आशु बख्शी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अप्रैल को खरीदारी करने के लिए गई थी। इस दौरान बाइक पर एक युवक आया। आरोपी ने उसकी पत्नी सोनिया के हाथ से उसका बैग छीन लिया। जिसमें मोबाइल, एटीएम कार्ड तथा सोने व चांदी के जेवरात थे। जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है।

### व्यक्ति के साथ मारपीट निकाले 30 हजार रुपये

**यमुनानगर।** यमुनानगर के कमानी चौक स्थित शराब ठेके के पास एक व्यक्ति से मारपीट कर 30 हजार रुपये छीन लिए गए। उत्तर प्रदेश के रामपुर निवासी महावीर सिंह ने पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे वह ठेके के पास खड़ा था। तभी मुंशी नामक व्यक्ति वहां आया, बहसबाजी की और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने उसकी जेब से काली पन्नी में रखे 30 हजार रुपये जबरन निकाल लिए और फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एटीएम कार्ड बदलकर 75,800 रुपये की ठगी

**यमुनानगर।** यमुनानगर के रादौर रोड स्थित कैंप क्षेत्र में अज्ञात युवक ने श्रवण यादव का एटीएम कार्ड बदलकर 75,800 रुपये निकाल लिए। श्रवण यादव 25 अप्रैल को हिताची एटीएम बूथ पर पैसे निकालने गए थे, जहां पहले से मौजूद युवक ने धोखे से उनका कार्ड बदल लिया। घर पहुंचने पर उन्हें खाते से पैसे कटने का मैसेज मिला। जांच करने पर एटीएम कार्ड बदला हुआ पाया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाने पर छह पर केस

**पानीपत।** थाना मतलौडा क्षेत्र में सहेली से मिलने गई किशोरी को पड़ोसी युवक अंकित ने बहका लिया और उसे अपने कमरे ले गया। वहां किशोरी को चाय में नशीला पदार्थ देकर उसे बेहोशी की हालत में कर दिया। वहीं, अंकित ने पांच साथियों आदित्य, शिवम, समीर, कृष्ण और नितेश को कमरे में बुला लिया। अंकित ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया। जबकि उसके पांच साथियों ने लड़की के साथ छेड़खानी की। नितेश ने दुष्कर्म व छेड़खानी का वीडियो बना लिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अंकित, आदित्य, शिवम, समीर, कृष्ण व नितेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पश्चिम नहर से अज्ञात का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

- पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव बाहर निकाला
- पोस्टमार्टम के लिए शव करनाल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

पश्चिम नहर में अज्ञात शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवाने के लिए करनाल भेज दिया है। पुलिस शव की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि पश्चिमी नहर में एक शव बह कर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगो की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने के लिए आसपास के गांवों से पूछताछ भी की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवाने के लिए करनाल भेज दिया है। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि नहर में एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवाने के लिए करनाल अस्पताल में भेज दिया है।

### चरस के साथ तीन तस्कर धर दबोचे

**अंबाला।** सीआईए-1 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए देवीनगर क्षेत्र से भारी मात्रा में चरस और तस्करी में प्रयुक्त गाड़ी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 के प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि एक गाड़ी में नशीले पदार्थों की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। पुलिस ने बिना समय गंवाए गांव देवीनगर के पास नाकाबंदी की। घेराबंदी के दौरान संदिग्ध गाड़ी को रुकवाकर जब तलाशी ली गई, तो उसमें से 418 ग्राम 03 मिलीग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दीपांशू उर्फ चिन्नूवासी कांशी नगर, कृष उर्फ नानू वासी कांशी नगर, माधव वासी सेक्टर-9 के तौर पर हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलसि ने आरोपी दीपांशू उर्फ चिन्नू को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# पानीपत में ट्रांसफॉर्मर फटा, गर्म तेल गिरने से तीन बच्चे झुलसे

- हादसे से आसपास के घरों में भी सामान जला, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के काबड़ी रोड स्थित अर्जुन नगर में सोमवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब रिहायशी इलाके के बीचों-बीच लगा बिजली निगम का ट्रांसफॉर्मर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि पूरे इलाके में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। ट्रांसफॉर्मर फटने के बाद उसमें से निकला उबलता हुआ तेल आसपास फैल गया, जिसकी चपेट में आकर तीन बच्चे झुलस गए। घायलों की पहचान दीपांशु, शुभम और एक अन्य बच्चे के रूप में हुई है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां दीपांशु की हालत गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाके के बाद ट्रांसफॉर्मर से निकला गर्म तेल आसपास के घरों तक फैल गया, जिससे कई घरों में रखा सामान भी जल गया और नुकसान हुआ। बिजली निगम और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। खराब ट्रांसफॉर्मरों को तुरंत बदला जाए।

### पानीपतः ठगी करने के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस सुनियोजित साजिश के तहत दिलबाग निवासी गांव अटावाला जिला पानीपत से स्कॉर्पियो गाड़ी की ठगी करने वाले गिरोह के और दो आरोपियों बसंत विहार निवासी रणजीत और विकास नगर निवासी गुरमीत को सोमवार को करनाल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। वहीं, दोनों आरोपियों को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है। स्मरणीय है कि ठगी के इस मामले में दिलबाग की शिकायत पर केस दर्ज है।

# वन विभाग की 80 एकड़ भूमि में भीषण आग, हर्बल पार्क सहित जंगल जला

- चार दमकल गाड़ियों ने कई घंटों में आग पर पाया काबू

**पानीपत।** पानीपत के गांव गवालडा में मंगलवार शाम उस समय बड़ा हादसा हो गया जब वन विभाग की करीब 80 एकड़ भूमि में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते 65 एकड़ में फैले जंगल और 15 एकड़ में विकसित हर्बल पार्क को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे भारी नुकसान हुआ। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक बड़े पैमाने पर पेड़-पौधे जलकर राख हो चुके थे। यह भूमि पहले ग्राम पंचायत के कब्जे में थी, जिसे कोर्ट केस के बाद अवैध कब्जे से मुक्त कराकर सरकार को सौंपा गया था। बाद में इसे वन विभाग को दे दिया गया, जहां 65 एकड़ में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए थे और 25 एकड़ में हर्बल पार्क विकसित किया गया था, जो पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। आग लगने से हर्बल पार्क और जंगल को भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि अभी तक कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### आर्म्स एक्ट का आरोपी व हुड़दंग करने पर दो लोग गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को आर्म्स एक्ट में और दो युवकों को हुड़दंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।सीआईए टू पुलिस ने सोनीपत जिले के गांव बुसाना निवासी सुधीर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर अपने दोस्त राहुल को लाइसेंसी हथियार और जिंदा कारतूस देने का आरोप है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि मामले में थाना सिटी में पहले ही आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है और आगे की जांच जारी है।वहीं, थाना तहसील कैंप पुलिस ने देशराज कॉलोनी में डीआरएम स्कूल के पास हुड़दंग कर रहे दो युवकों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान धन कुमार (विजय नगर, तहसील कैंप) और नवीन (देशराज कॉलोनी) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लाडवा गोलीकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

**लाडवा।** लाडवा की संगम मार्केट में गोली चलाने और मारपीट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी लक्ष्य राणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक पिस्टल भी बरामद की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने की।मामले की शिकायत के अनुसार 18 मार्च को पीड़ित के घर पर पहले पड़ोसी आदित्य राणा ने गाली-गलौज और मारपीट की। बाद में वह अपने साथियों के साथ दोबारा आया और परिवार के लोगों पर हमला किया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी और इससे पहले हर्ष पुनिया को गिरफ्तार कर देसी कट्टा बरामद किया जा चुका है। अब लक्ष्य राणा की गिरफ्तारी के साथ एक और सफलता मिली है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## भूमि विवाद में ईंटों व सरियों से हमला, चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव बरसान में जमीन विवाद के चलते एक परिवार पर हमला कर दिया। आरोपियों ने परिवार के सदस्यों पर ईंटों व सरियों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिनका इलाज अस्पाल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दर्जन भर लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बरसान निवासी सुमित कुमार ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से उसका और उसके परिवार का लंबे समय से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। जब वह अपने खेत में काम कर रहा था। तभी गांव के ही रवि, उसकी पत्नी रानी, बेटा कोशिक, मोहित, बेदो देवी, दयाराम, कपिल, कुसुम, राजकुमार, रविंद्र, ममता और उर्मिला आपस में साजिश कर वहां पहुंचे और जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। सुमित ने बताया कि आरोपियों ने उस पर ईंटों व सरियों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। उसने फोन कर घटना के बारे में परिजनों को बताया। जिसके बाद उसकी मां, पिता और भाई उसे बचाने के लिए आए तो आरोपियों ने उन पर भी ईंटों से हमला कर घायल कर दिया। जिससे उसका भाई व माता पिता भी घायल हो गए। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पड़ोसियों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

### देसी कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने चौटाला रोड पर पावर हाउस के पास नवीन पुत्र जय किशन निवासी गांव सिवाह जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया।

थानेदार विजय ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। वह हथियार रखने का शौक पूरा करने के लिए करीब एक माह पहले यूपी के बागपत में अज्ञात युवक से 30 हजार रुपये में उक्त देसी पिस्तौल खरीदकर लाया था। वहीं, नवीन पर हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

## दुकान में घुसकर दो भाइयों को पीटकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



गांव कलानौर बस अड्डा के पास पांच युवकों ने दुकान में घुसकर दो भाइयों को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बड़ा लापरा निवासी आरिफ ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी कलानौर बस अड्डे के पास दुकान है। सोमवार को शाम छह बजे वह तथा उसका भाई नाजिम दुकान पर काम कर रहे थे। इस दौरान उनकी दुकान में गांव टापू कमालपुर निवासी सूरज राणा, नवीन, अमित कुमार, राहुल राणा व अभिषेक राणा घुस गए। आरोपियों ने आते ही उन दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सोलर प्लेट चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 3 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 31 सोलर प्लेट बरामद, इससे पहले एक अन्य आरोपी से 8 प्लेट मिल चुकी हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने सोलर पलेट चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी से सोलर पलेट चोरी करने के आरोपी चतर सिंह, कुलवंत सिंह व जसविन्द्र सिंह वासीयान शाहबाद कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके चोरीशुदा 31 सोलर प्लेट बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में शमशेर सिंह महैन्दा जिला हांसी ने बताया कि वह मोहडी जिला कुरुक्षेत्र स्थित एक्सप्रेस रोडवेज में ब्रांच मैनेजर के पद कार्यरत है। 12 फरवरी 2026 उनकी एक गाडी सूरत गुजरात से 620 सोलर प्लेट लोड करके पोंटा साहिब हिमाचल प्रदेश के लिए चली थी। 17 फरवरी 2026 को जब गाडी नलवी शाहबाद पहुंची तो गाड़ी का टायर फटने के कारण गाडी अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी पलटने से गाड़ी मे लोड सारी प्लेट नीचे गिर गई जिसमे काफी संख्या मे सोलर प्लेट टूट गई। रात के समय अज्ञात लोगों द्वारा गिरी हुई सोलर प्लेटों को चोरी कर लिया। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 द्वारा की गई। 24 अप्रैल 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने सोलर पलेट चोरी करने के आरोपी अब्दुल वहीद वासी नलवी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी से 8 चोरीशुदा प्लेट बरामद की गई थी। अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक रणदीप सिंह, धीर सिंह, ईश्वर सिंह व सिपाही सुमित की टीम ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी से सोलर पलेट चोरी करने के आरोपी चतर सिंह, कुलवंत सिंह व जसविन्द्र सिंह वासीयान शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से चोरीशुदा 31 सोलर प्लेट बरामद की गई।

## बीबीए व एमबीए के विद्यार्थियों को मिला अवसर, चंडीगढ़ में इंटर्नशिप करेंगे

# केयू प्लेसमेंट ड्राइव में 35 विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 35 विद्यार्थियों का समर इंटर्नशिप के लिए चयन किया गया। यह ड्राइव विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता एवं रोजगार केंद्र द्वारा कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान टाइम्स ऑफ इंडिया ने भाग लिया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बीबीए और एमबीए के विद्यार्थियों को अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान टाइम्स ऑफ इंडिया के डिप्टी चीफ मैनेजर राकेश सुखीजा और मैनेजर अमरजीत कौर गिल ने विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के महत्व, कॉर्पोरेट जगत की अपेक्षाओं और करियर के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ड्राइव में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) और यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बाद 35 विद्यार्थियों को समर इंटर्नशिप के लिए चुना गया। चयनित विद्यार्थी चंडीगढ़ में अपनी इंटर्नशिप पूरी करेंगे, जहां उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस उपलब्धि पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने खुशी जाहिर करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्लेसमेंट और इंटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे छात्रों को वास्तविक कार्य वातावरण का अनुभव मिलता है, जो उनके भविष्य के करियर के लिए बेहद उपयोगी साबित होता है।



### केयू आईएमएस के 6 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट में मिली सफलता

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के एमबीए 10वें सेमेस्टर के छह विद्यार्थियों का चयन संस्थान परिसर में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान इंडिया ट्रेनर्स कंपनी में हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में स्किल-आधारित शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थी कॉरपोरेट जगत में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. मोहिंदर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान 5 लाख रुपये का प्रारंभिक पैकेज दिया जाएगा, जो प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद बढ़ाकर 7.5 लाख रुपये तक किया जाएगा। आईएमएस के निदेशक प्रो. सिद्धार्थ एस. भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के पूर्ण सहयोग और केयूसीटीआईई के समन्वय से संस्थान इस वर्ष अपने विद्यार्थियों के 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर संस्थान के सभी प्राध्यापकों ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### साइबर ठगी में आरोपी काबू, भेजा जेल

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस लगातार साइबर ठगों को काबू कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी कड़ी में 27 अप्रैल 2026 को साइबर पुलिस ने मोबाइल पर ऑनलाइन एपीके फाइल भेजकर लाखों रूपयों की ठगी करने के मामले में आरोपी अजविंद्र सिंह को पंजाब से गिरफ्तार किया। साइबर पुलिस निरीक्षक राजबीर ने बताया कि शिकायतकर्ता अभिषेक ने 15 अप्रैल 2026 को दी शिकायत में बताया था कि आरोपी ने राधे कांप्लेक्स साइंस मार्केट अंबाला छावनी में उसके मोबाइल नम्बर पर एपीके फाईल भेज कर उससे लगभग 10 लाख 40 हजार 339 रुपयों की धोखाधड़ी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच में आरोपी अजविंदर सिंह के खाते में 1 लाख 96 हजार जाने पाए गए है जोकि यह रकम पुलिस द्वारा होल्ड करवा दी गई है।

## खबर संक्षेप



### स्वराज पब्लिक स्कूल की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रादौर।** स्वराज पब्लिक स्कूल दामला की छात्रा भुवन्या कांबोज को संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। छात्रा को यह सम्मान पंचकूला मॉडल यूनाइटेड नेशन में आयोजित कार्यक्रम में यूएनएससी समिति में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर के उपलक्ष्य में दिया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के लगभग 500 छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें 10 अलग-अलग समितियां शामिल थीं। जिसने छात्रों को वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने और अपनी कूटनीति कौशल विकसित करने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। विद्यालय का प्रतिनिधित्व चार उत्साही प्रतिनिधियों ने किया। भुवन्या कंबोज को हाई कमंडेशन पुरस्कार और राहिनी शर्मा को वर्बल मेंशन 1 प्राप्त हुआ।

### पशु पक्षियों की मदद के लिए बढ़ाया कदम

**रादौर।** गर्मी में पशु-पक्षी पानी के लिए भटक रहे है। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के कसौरो में पानी भरकर रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि बढ़ती गर्मी में मनुष्य, पशु-पक्षी पानी के लिए तरस जाते है। मनुष्य तो अपनी प्यास बुझा लेते है। परंतु पशु-पक्षी पानी के लिए ईधर उधर भटकते है। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी अपने घरों के आसपास, आंगन व छतों पर पानी भरकर रखने का काम करे। साथ ही पक्षियों के लिए दाना भी डालें। आपका यह छोटा प्रयास सैकड़ों जीवों की जान बचा सकता है।

### भाकियू 30 अप्रैल को जिला सचिवालय के समक्ष करेगी प्रदर्शन

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील से तबाह होंगे मजदूर और किसान : गुंदियाना

- भाकियू के सदस्य प्रदर्शन करने के दौरान राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

अमेरिका के साथ हो रही ट्रेड डील के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) 30 अप्रैल को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करके अपना विरोध जताएगी। इस दौरान भाकियू के सदस्य राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर ट्रेड डील को रद्द करने की मांग करेंगे। उक्त जानकारी भाकियू के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने मंगलवार को रादौर क्षेत्र में किसानों से जनसंपर्क करने के दौरान दी।



**रादौर।** प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के बारे में जानकारी देते भाकियू के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना व अन्य सदस्य।

भाकियू जिला प्रधान संजू गुंदयाना ने बताया कि भारत सरकार का सिस्ट मंडल अमेरिका में ट्रेडिंग डील करने के लिए गया हुआ है। इस डील के तहत कृषि समझौते होने हैं। जिसके तहत अमेरिका से अनाज, गेहूं, मक्का, दूध व अन्य प्रकार का सामान भारत में जीरो प्रतिशत टैक्स पर आएगा । जिससे भारत के किसान व मजदूर तबाह होगा।

अमेरिका लगातार अनाप शनाप बयान देकर भारत की बेइज्जती कर रहा है और तानाशाही तरीके से भारत में व्यापार करना चाहता है। देश के प्रधानमंत्री अमेरिका के आगे सर झुकाए खड़ा है। भारत का किसान लगातार इस डील का विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि भारत सरकार यह डील करती है तो मजबूर होकर किसानों को कड़ा आंदोलन सरकार के खिलाफ करना पड़ेगा।

जिले के किसान 30 अप्रैल को जगाधरी अनाज मंडी में एकत्र होंगे और प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे। जहां पर भाकियू के सदस्य राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे। इस अवसर पर भाकियूक के निदेशक मंदीप रोड छप्पर, जिला सचिव व्रिकांत ससौली, नसीब सिंह व नवाब सिंह आदि मौजूद रहे।



**रादौर।** मुकंदलाल कॉलेज में कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

## प्रथम मिस्टर फाइनल और खुशी शर्मा मिस फाइनल चुनी गईं

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में विदाई समारोह में मनीषा मिस फाइनल रनरअप चुनी गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी आयोजित की। विदाई पार्टी का प्रारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ माला शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस आयोजन में सभी विद्यार्थियों ने अपनी अलग अलग प्रस्तुतियां दी। स्टाफ के सदस्यों ने फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों को आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी । पार्टी में प्रथम को मिस्टर फाइनल, खुशी शर्मा को मिस फाइनल व मनीषा को मिस फाइनल रनरअप चुना गया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. जय चंद, प्रो. पूजा वर्मा, प्रो. सिमरन ने निभाई। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. चा सीकरी, प्रो. नवीन भारद्वाज, प्रो. आशीष भल्ला, प्रो. पूजा वर्मा, प्रो. जयचंद, प्रो. सिमरन, विल्सन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना जरूरी : डॉ. परमार

- रोटरी क्लब द्वारा इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

इंडियन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में रोटरी क्लब के तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को सर्वाइकिल कैंसर के बचाव को लेकर वैकसीन लगवाए जाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एसएमओ डॉ. विजय परमार व डॉ. पल्लवी मार्या ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन ईश मेहता ने की।



**यमुनानगर।** इंडियन पब्लिक स्कूल में छात्राओं को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरुक करते मुख्य वक्ता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मुख्य वक्ता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ रादौर डॉ. विजय परमार ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए वैकसीन लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिसको देखते हुए सरकार ने स्कूलों में 14 से 15 वर्ष तक की छात्राओं को निःशुल्क टीका लगाया जा रहा है। जो प्राइवेट अस्पताल में लगभग पांच हजार रूपये तक लगाया जाता है। छात्राएं सरकारी अस्पताल में या अपने स्कूल स्तर पर वैकसीन लगवा सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से छात्राओं को स्कूल व अस्पताल दोनो जगह वैकसीन लगाने की व्यवस्था की जा रही है। भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए टीका जरूर लगवाएं। इस अवसर पर रोटरी क्लब रादौर के प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी, डॉ. एससी सैनी, रोटरी क्लब सचिव भारत माटिया आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग : भारती

- कथाव्यास एवं साध्वी कालिंदी भारती ने पहले दिन बताया श्रीमद्भागवत कथा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगधारी बस स्टैंड के नजदीक इंदिरा मार्केट के सामने नंद लाल ग्राउंड में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के पहले दिन कथाव्यास साध्वी कालिंदी भारती ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा के महत्व के बारे में अवगत करवाया गया। मौके पर भजनों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम दिवस के मुख्य यजमान के रूप में सुरेश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी ने ज्योति प्रवजलित कर कथा का शुभारंभ किया। मौके पर राजिंद्र धीमान, डॉ. जतिंदर शर्मा, तरुण, प्रियांक शर्मा व जयंत स्वामी पार्षद मौके पर मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन श्रवण करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

कथाव्यास एवं साध्वी कालिंदी भारती ने फरमाया कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है। उन्होंने कहा कि यह कथा मनुष्य के भीतर छिपे अज्ञान को दूर कर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संचार करती है। कथा श्रवण से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और वह ईश्वर के प्रति समर्पण भाव को अनुभव करता है। साध्वी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा के माध्यम से अपने जीवन को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने का संदेश दिया। कथा के भव्य आरती में भी अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। कथा के अंत में लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## महिलाओं ने भरी हुंकार, विपक्ष के नेताओं के पुतले जलाए

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर हुआ महिला सम्मेलन, विपक्ष के खिलाफ जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू न होने देने के विरोध में जन-आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिलेभर से पहुंची सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ रोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने नारी सम्मान और अधिकारों के समर्थन में एकजुटता दिखाते हुए अधिनियम लागू करने की मांग को बुलंद किया। सम्मेलन के बाद सभी महिलाओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया।



**रादौर।** जन आक्रोश महिला सम्मेलन में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि


कार्यक्रम की संयोजिका एवं मेयर सुमन बहमनी की अगुवाई में आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन मालिक रोजी आनंद, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर सहित कई महिला पदाधिकारियों ने भाग लिया। मंच संचालन महामंत्री पूनम अग्रवालए मनोरमा चौधरी और मनीषा अग्रवाल ने किया। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने विपक्षी दलों पर महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी करने के आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी और सशक्तिकरण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों और कांग्रेस के विरोध के चलते महिलाओं में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल वोट बैंक नहीं हैं, बल्कि देश और समाज की नीतियां तय करने में भी उनकी समान भागीदारी जरूरी है। विपक्ष ने इस अधिनियम को लागू न होने देकर देश की आधी आबादी के अधिकारों पर चोट पहुंचाई है।

मौके पर मौजूद मालिक रोजी आनंद ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा विषय है। कांग्रेस और विपक्षी दलों का रवैया महिलाओं के हितों के खिलाफ हैए जिसे देश की महिलाएं कतई स्वीकार नहीं करेंगी। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर ने कहा कि महिलाएं अब अपने सम्मान और अधिकारों को लेकर जागरूक हैं और किसी भी प्रकार की उपेक्षा या अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगी। मौके पर पार्षद रीना रस्तोगी, रुचि कांबोज, संतोष, रुचि शर्मा, किरण, उषा, सीमा गुलाटी, विभा गुप्ता, पुष्पा बाल्यान, शालिनी शर्मा मौजूद रहीं।

## समागम के दो दिनो में 553 श्रद्धालुओं ने ली नाम दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्री लाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में चल रहे दो दिवसीय नामदीक्षा समागम का आज समापन हो गया। समागम के समापन अवसर पर दूसरे दिन भी श्री श्री 1008 महंत श्री रामसुंदर दास के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करने को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। समागम के दो दिनो में 553 लोगों ने नामदीक्षा ली। सतगुरु बाबा लाल दयाल जी महाराज के बटाला स्थित श्री ध्यानपुर धाम से महंत श्री रामसुंदर महाराज ने दूसरे दिन भी सैंकड़ो श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा व आशीर्वाद दिया। दूसरे दिन भी नाम दीक्षा लेने वालों की भीड़ लगी रही। आचार्य गोपाल राज ने नाम दीक्षा लेने वाले परिवारों की पूजा अर्चना करवाई। आचार्य गोपाल राज ने कहा कि श्री ध्यानपुर धाम में स्थित बावली में स्नान मंत्र करने से निसंतान को औलाद की प्राप्ति होती है और यही कारण है कि चांदने पक्ष देश व विदेश से हजारों श्रद्धालु वहां पहुंचते हैं। मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि महाराज के आशीर्वाद के चलते ही श्री लालद्वारा मंदिर यमुनानगर दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है। मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण कार्य चल रहा है और जल्द ही एक सुंदर द्वार बनकर महाराज की महिमा अपरंपार है। मौके पर सुदर्शन ऐरी, दविंद्र मेहता, विजय शर्मा, घनश्याम शर्मा व राजकुमार ओबेरॉय आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** महंत श्रीराम सुंदर दास महाराज से आशीर्वाद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### महिला के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेश कर जांच शुरू कर दी। हमीदा पुलिस चौंकी के प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने देवर को रेलवे स्टेशन पर छोड़ने के लिए जा रही थी। रास्ते में उसका पड़ोसी नाजिम मिल गया। नाजिम भी रेलवे स्टेशन तक उसके देवर को छोड़ने के लिए उनके साथ चल दिया। देवर को स्टेशन पर छोड़ने के बाद वापस घर लौटने लगी तो आरोपी नाजिम भी साथ चल दिया। इस दौरान आरोपी नाजिम रास्ते में जबरदस्ती उसे एक फैक्टरी में ले गया और और उसके साथ गलत काम कर दिया। बाद में आरोपी उसे मामले के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उसने तुरंत आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी नाजिम के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर जांच शुरू कर दी।

### स्व-गणना के लिए किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं, मोबाइल नंबर होगा आवश्यक

# 30 अप्रैल तक स्व-गणना, पहली मई से शुरू होगी मकानों की गिनती

नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जनगणना संबंधित जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगराधीश सह नोडल अधिकारी जनगणना पीयूष गुप्ता ने मंगलवार को सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक उपायुक्त प्रीति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को स्व.गणना की ट्रेनिंग भी दी गई। नगराधीश ने बताया कि हरियाणा राज्य में जनगणना-2027 के लिए स्व-गणना 30 अप्रैल 2026 तक संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर अपनी जनगणना संबंधित जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि आप अपने कार्यालय के कर्मचारियों को जागरूक करें तथा अपने व कर्मचारियों के परिवारों का स्व.गणना का कार्य करवाए। उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि सरपंचों के माध्यम से सभी ग्रामीणों का 30 अप्रैल तक स्व गणना के कार्य को करवाएं।



**यमुनानगर।** अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लेते नगराधीश। फोटो : हरिभूमि

नगराधीश ने जिला वासियों से अपील की कि वे 30 अप्रैल 2026 तक स्व गणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें।

आपकी सहभागिता जिला की बेहतर योजना निर्माण, सेवा वितरण में सुधार तथा समग्र विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का आयोजन 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब हरियाणा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक कहीं से भी जनगणना संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते है। सुविधा हरियाणा के सभी जिलों में उपलब्ध है, मोबाइल, टेबलेट व कम्प्यूटर के माध्यम से उपयोग, एक यूनिक एसई आईडी प्रदान की जाएगी। प्रगणक केवल जानकारी का सत्यापन करेंगे। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि पोर्टल पर जाकर मोबाइल नम्बर एवं ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण करें। उन्होंने बताया कि स्व.गणना प्रपत्र में लगभग 33 प्रश्न शामिल होंगे जिनमें परिवार के सदस्यों की संख्या, मकान का प्रकार एवं स्थिति ग्रामीण एवं शहरी, पेयजल, बिजली, स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएंए शिक्षा एवं सामाजिक, आर्थिक जानकारी, मोबाइल नम्बर अनिवार्य। उन्होंने बताया कि किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं हैए शहरी एवं ग्रामीण दोनो क्षेत्रों के लिए उपलब्धए आंकड़े जिला स्तर की योजना एवं राज्य विकास योजना में सहायक, कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर लक्ष्य निर्धारण में मदद, गरिक सहभागिता को बढ़ावा। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा प्रदान की गई सभी जानकारी गोपनीय एवं सुरक्षित रखी जाएगी। इन आंकड़ों का उपयोग केवल सांख्यिकीय एवं विकासात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में पार्षदों की बैठक में स्व-गणना के लिए मार्ग दर्शन करते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

### स्व-गणना में नागरिक करें भागीदारी : प्रसाद

**यमुनानगर।** जनगणना के प्रथम चरण (हाउस लिस्टिंग) प्रक्रिया को सफल बनाने को लेकर नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। बैठक में आयुक्त महाबीर प्रसाद ने पार्षदों से आह्वान किया कि वह अपने अपने वार्डों में लोगों को स्व गणना के प्रति जागरूक करें। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जनगणना प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा तकनीक आधारित बनाने के लिए स्व गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत नागरिक पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। बैठक में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी जितेंद्र मल्होत्रा, पार्षद प्रियांक शर्मा, अरुण कुमार, जयंत स्वामी, भानू प्रताप, श्याम लाल, संदीप धीमान, दीक्षित कुमार, हरजीत आनंद, विक्रम सिंह सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 30 अप्रैल तक पोर्टल पर दर्ज करें स्व गणना

**लाडवा।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि देश की प्रगति का आधार है। दुनिया के इस सबसे बड़े जनगणना अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए सरकार ने इस बार नागरिकों को सेल्फ एन्यूमरेशन यानी स्व गणना की सुविधा दी है, जिसके लिए आगामी 30 अप्रैल तक आधिकारिक पोर्टल खुला रहेगा।

### विद्यार्थियों को बताए प्लास्टिक के दुष्परिणाम

**पिहोवा।** कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल में लायन क्लब पिहोवा रॉयल के द्वारा प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूल प्रिंसिपल प्रियंका शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल में लायन क्लब पिहोवा रॉयल और नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि के द्वारा बच्चों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि प्लास्टिक का अधिक प्रयोग पर्यावरण, जल स्रोतों और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी पहुंचे हुए अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### कुरुक्षेत्र में 5 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं खरीदा, उठान तेज करने के निर्देश

# बादलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता गेहूं का खरीद कार्य तेजी से जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** अनाज मंडी में पड़ी गेहूं के कट्टे।

मंगलवार सुबह आसमान में बादल छाने के बाद किसानों और आढ़तियों की परेशानी बढ़ गई है। सुबह करीब दस बजे तक आसमान में काले बादल छाए रहे। इसके बाद मौसम साफ होने पर किसानों ने राहत की सांस ली। किसानों का कहना है कि खेतों में अभी तुड़ी बनाने का कार्य चल रहा है, वहीं मंडियों में खुले आसमान के नीचे गेहूं पड़ी है। बादल छाने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट हुई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 37 व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन तीनों एजेंसियों ने 516267 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में गेहूं का 2585 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि जिले में 365055 एमटी गेहूं का उठान कार्य पूरा किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गेहूं की खरीद करने के लिए 29 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है। इन मंडियों से खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ गेहूं की खरीद का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में अधिकारियों को विशेष हिदायत दी गई है कि उठान कार्य पर विशेष फोकस रखा जाए ताकि व्यापारियों और किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना आए।

#### जाने कहा और कितनी हुई खरीद

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा अमीन में 2583 एमटी, बाबैन मंडी में 27464 एमटी, भौर सैयदा में 4355 एमटी, गुमथला गढ़ू में 21709 एमटी, इशाक में 4615 एमटी, इस्माइलाबाद मंडी में 46341 एमटी, झांसा मंडी में 10082 एमटी, कराह साहब में 9220 एमटी, थानेसर मंडी में 52145 एमटी, लाडवा मंडी से 57204 एमटी, नलवी में 870 एमटी, नीमवाला में 5626 एमटी, पिहोवा मंडी में 37526 एमटी, पिहोवा एक्सटेंशन मंडी में 12173 एमटी, पिपली मंडी से 15448 एमटी, शाहबाद से 24298 एमटी गेहूं, थाना में 3194 एमटी गेहूं, ठोल मंडी से 15003 एमटी गेहूं खरीद गया है। उन्होंने कहा कि हैफेड द्वारा अजराना कला में 3381 एमटी, बोधनी मंडी में 3898 एमटी, चढ़ुनी जाटान मंडी में 2021 एमटी गेहूं, इस्माईलाबाद मंडी से 27483 एमटी गेहूं, झांसा मंडी में 1032 एमटी गेहूं, किरमच में 1821 एमटी, थानेसर 33533, लाडवा मंडी में 12520 एमटी, लुखी में 3560 एमटी, मलिक पुर में 6161 एमटी, पिहोवा मंडी में 21150 एमटी गेहूं, पिहोवा एक्सटेंशन में 11451 एमटी, पिपली मंडी में 9644 एमटी गेहूं, शाहबाद मंडी में 16807 एमटी गेहूं खरीद कार्य पूरा किया गया है। इसी तरह हरियाणा वेयर हाउस द्वारा बारना में 2893 एमटी, बोधनी में 2793 एमटी, ठोल में 6253 एमटी गेहूं खरीद कार्य को पूरा किया गया है।

#### मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के आदेश

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए व्यवस्था और प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। ऐसे में किसान सहभागी बनते हुए खरीद कार्य में अपना योगदान दें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी गेहूं की फसल को अच्छी तरह से सुखाकर एवं साफ करके मंडी में लाएं।

## टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची स्टार क्रिकेट क्लब

**सेमीफाइनल में केयूके स्टार को 38 रन से हराया**


**कुरुक्षेत्र।** टीम के विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में रविवार को केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता अनौपचारिक मैच के सेमीफाइनल मुकाबले में स्टार क्रिकेट क्लब ने केयूके स्टार को 38 रनों से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार क्रिकेट क्लब के ओपनर बल्लेबाज राहुल धीमान ने मात्र 53 गेंदों में 97 रन तूफानी पारी खेली जिसमें 11 चौके एवं 5 छक्के शामिल रहे। वहीं विजय जांगड़ा ने 3 चौके लगाकर 21 रन की पारी खेली। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए। केयूके स्टार की ओर से अंकित ने 2, शमशेर व दीपक थापा ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्टार के ओपनर बल्लेबाज पावर प्ले में ही आउट हो गए। वहीं टीम के कप्तान शमशेर चौहान ने 21 गेंदों में 35 रन की पारी खेली। मैच में शिवम कुमार ने बाउंड्री पर शमशेर चौहान का शानदार कैच लिया जो मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। केयूके स्टार 9 विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए राहुल धीमान, सागर, भारत कल्याण व शिवम कुमार ने 2-2 विकेट लिए। मैच में अंपायर की भूमिका जगदीप व राजा ने निभाई। धुआंधार बल्लेबाजी व शानदार गेंदबाजी के लिए राहुल धीमान को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। सेमीफाइनल जीतकर स्टार क्रिकेट क्लब टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंच चुकी है। वहीं अब शनिवार को दोपहर 2 बजे केयूके स्पार्टन व केयूके स्टार के बीच फाइनल में पहुंचने के लिए अहम मैच खेला जाएगा।

## शिव महापुराण कथा में गूंजा शिव-पार्वती विवाह प्रसंग, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** कथा सुनाते कथाव्यास आचार्य रमेश उनियाल।

अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध श्री शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में करवाई जा रही श्री शिव महापुराण कथा में कथाव्यास आचार्य रमेश उनियाल हरिद्वार ने सती द्वारा यज्ञ में अपना शरीर त्यागना, दक्ष यज्ञ विध्वंस, शिव द्वारा अपनी जटा से वीर भद्र को प्रकट करना, सती का पार्वती के रूप में पर्वतराज हिमालय के घर पुर्नजन्म, पार्वती की शिव तपस्या और शिव पार्वती विवाह प्रसंग भजनों सहित विस्तार से सुनाया। कथा में पुजारी पंडित उमेश पाठक ने सुबह यजमानों से शिव पूजन करवाकर कथा सहयोगियों का सम्मान किया। व्यासपीठ से आचार्य रमेश उनियाल ने शिव विवाह प्रसंग में बताया कि हिंदू धर्म में शिव-शक्ति के मिलन की एक अत्यंत पवित्र और दिव्य कथा है, जो महाशिवरात्रि के रूप में मनाई जाती है। पार्वती (सती का पुनर्जन्म) ने शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। अंततः, भगवान शिव ने प्रसन्न होकर माता पार्वती से विवाह किया, जिसमें भूत-प्रेत, देवताओं और ऋषियों ने भाग लिया।


**थानेसर।** भंडारे में सेवा करते समाजसेवी।

## श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत और साया संस्थाओं ने लगाया भंडारा

**थानेसर।** गर्मी के मौसम में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत एवं साया संस्थाओं द्वारा सही मायनों में समाजसेवा का कार्य किया जा रहा है। दोनों संस्थाएं गर्मी के मौसम में जरूरतमंद लोगों व यात्रियों की भूख प्यास शांत करने में लगी हुई हैं। मंगलवार को भी श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत एवं साया के लिए समाजसेवी मानिक गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी आरती गोयल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा, जिसमें बड़ी संख्या में यात्रियों, श्रद्धालुओं एवं समाज के लोगों ने भाग लिया। भंडारे में सभी आगंतुकों के लिए उत्तम व्यवस्था की गई तथा प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला, कुलवंत गर्ग, नवीन बंसल, सुमित मित्तल, गौरव मित्तल, सचिन अग्रवाल, नीरज ऐरन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे

*श्रीमद्भगवद्गीता-अद्वितीयम्, अद्भुतम बौद्धिक मासिक परिचर्चा*

## वैशाख एकादशी के अवसर पर विद्वानों ने साझा किए विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



श्रीमद्भगवद्गीता-अद्वितीयम् अद्भुतम बौद्धिक मासिक परिचर्चा का आयोजन गुलजारी लाल नन्दा केन्द्र, कुरुक्षेत्र में किया गया। वैशाख शुक्ल एकादशी के अवसर पर विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड एवं गुलजारी लाल नन्दा केन्द्र, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में सजग विद्यार्थी और गीता विषय पर आयोजित विचार-विमर्श सकारात्मकता के साथ सम्पन्न हुआ। परिचर्चा का शुभारंभ विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान की अध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। गुलजारीलाल नन्दा केन्द्र, कुरुक्षेत्र की निदेशक प्रो. शुचिस्मिता ने प्रबुद्धसभा का स्वागत किया व परिचर्चा की प्रस्तावना प्रस्तुत की। परिचर्चा प्रणेता हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला में संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक, डॉ. चित्तरंजन दयाल सिंह कौशल ने अत्यन्त महत्वपूर्ण विचार साझा किए और चिन्ताजनक अवस्था से बाहर निकलने के सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के निदेशक अनिल कुलश्रेष्ठ ने परिचर्चा प्रणेता डॉ. कौशल का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया एवं उनका सम्मान किया गया। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के प्रकाशन संयोजक बलबीर ने अपने विचार श्रीगीताजी के श्लोक से आरम्भ किए एवं समापन श्रीगीताजी श्लोक व शान्ति मंत्र के साथ किया।

### प्रो. संजीव शर्मा पांडुलिपि सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी नियुक्त



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रो. संजीव शर्मा, तत्काल प्रभाव से ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु क्षेत्रीय रिपॉजिटरी का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। प्रो. संजीव शर्मा ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपने के लिए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करेंगे तथा पांडुलिपि सर्वेक्षण से संबंधित कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाएंगे।

## न्याय को सरल बनाने के उद्देश्य से लोक अदालत की जा रही आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 के आयोजन के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ एवं आमजन के निकट लाने के उद्देश्य से वर्ष 2026 में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण अभियान 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का निपटारा आपसी सहमति, सुलह एवं संवाद के माध्यम से किया जाएगा। यह पहल पारंपरिक न्यायिक प्रक्रिया के स्थान पर एक सहयोगात्मक एवं सहभागी न्याय प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिसे आम भाषा में जनता की अदालत भी कहा जाता है। इस आयोजन से पूर्व राज्य, जिला एवं तालुका स्तर पर स्थापित मध्यस्थता केंद्रों में सुलह एवं मध्यस्थता बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जहां पक्षकारों को आपसी समझौते के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से वैवाहिक विवाद, सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, उपभोक्ता मामले, भूमि अधिग्रहण तथा एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामले शामिल हैं।

## मानवीय सद्गुणों के प्रति किया जागरूक

**मानवता ओलंपियाड के जरिए युवाओं को जोड़ने का प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** प्रतियोगिता का पोस्टर दिखाते प्रिंसीपल बलदेव राज सैनी व ट्रस्ट के सदस्य।

फरीदाबाद स्थित सतयुग दर्शन ट्रस्ट के मार्गदर्शन में समभाव समदृष्टि के स्कूल की एक अनोखा मुहिम, वैल्यू यूअर वर्टिस यानी हर इंसान अपने कुदरती दिव्य गुणों को महत्व दें। इस अभियान का शुभारंभ 6 अप्रैल, 2026 को फरीदाबाद स्थित सतयुग दर्शन वसुंधरा में किया गया। यह आयोजन इस अभियान के 12वें वर्ष की शुरूआत का प्रतीक है। इस मुहिम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मानवता ओलंपियाड, आध्यात्मिक वाक्पटुता और कविता सुमन शामिल है। इसी के तहत मंगलवार को आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मानवता ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को जीवन उपयोगी मानवीय सद्गुणों के प्रति जागरूक होने का सुअवसर प्रदान किया जाता है। यह अभियान, विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए, एक सशक्त एवं अनूठा मंच प्रदान करता है, जिसके माध्यम से वे संतोष, धैर्य, सच्चाई ,धर्म, समता,निष्काम और परोपकार जैसे मूलभूत दिव्य गुणों से पुनः जुड़ सकते हैं। वर्तमान समय में, जहाँ सामाजिक असमानताएँ और द्वैतवादी सोच निरंतर बढ़ती जा रही हैं, वहां यह अभियान लोगों को संतुलित, मूल्य-आधारित और निष्पाप जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसीपल बलदेव राज सैनी ने सतयुग दर्शन ट्रस्ट के इस प्रयास को सराहा।

## स्वर्ग धाम सेक्टर-5 में पहले हरित शवदाह गृह का होगा ट्रायल

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर सेक्टर-5 स्थित स्वर्ग धाम में निर्मित पहले हरित शवदाह गृह का तकनीकी ट्रायल किया जाएगा। इस ट्रायल के दौरान बिना किसी डेड बॉडी के केवल चैम्बर में नियंत्रित रूप से आग जलाकर उसकी कार्यप्रणाली, विश्वसनीयता और उपयोग किए गए मैटेरियल



की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हरित शवदाह गृह में तापमान, वायु प्रवाह और संरचनात्मक मजबूती पूरी तरह से मानकों के अनुरूप है, ताकि भविष्य में शव का दाह संस्कार सुरक्षित, पूर्ण और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से किया जा सके। विशेषज्ञ डॉ. राम जी जयमल की देखरेख में किए जाने वाले इस परीक्षण में चैम्बर के अंदर तापमान की क्षमता, हीट रिटेंशन, धुएं के निष्कासन की व्यवस्था और उपयोग किए गए फायरब्रिक्स व अन्य निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का आकलन किया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि कम संसाधनों में अधिकतम दक्षता के साथ दाह संस्कार की प्रक्रिया पूरी हो सके। हरित शवदाह गृह पारंपरिक दाह संस्कार की तुलना में कम लकड़ी की खपत और कम कार्बन उत्सर्जन के सिद्धांत पर आधारित है। यह आधुनिक संरचना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे न केवल प्राकृतिक संसाधनों की बचत होगी, बल्कि वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी।



## प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र का दल दो दिवसीय यात्रा के लिए अमृतसर रवाना

**कुरुक्षेत्र।** प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र का एक दल दो दिवसीय भ्रमण परश्री दरबार साहिब अमृतसर के लिए रवाना हुए। यात्रा की बस को एसजीपीसी के सदस्य सरदार हरभजन सिंह मसाना ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसजीपीसी के पूर्व सचिव परमजीत सिंह उपस्थित थे। प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के प्रधान रामपाल शर्मा के नेतृत्व में यात्रा पर गया यह दल श्रीफतेहगढ साहिब, श्री स्वर्ण मंदिर, बाघा बार्डर, जलियांवाला बाग, दुर्गयाना मंदिर सहित अनेक ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का अवलाकन करेगा तथा दो दिन की यात्रा के पश्वात 29 अप्रैल को सांयकाल वापिस कुरुक्षेत्र लौटेगा। यात्रा के संयोजक अशोक यादव ने बताया कि धार्मिक यात्रा का आयोजन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के सौजन्य से किया गया। प्रेस क्लब अपने सदस्यों के लिए समय समय पर इस प्रकार की यात्राएं आयोजित करता रहता है। हरभजन सिंह मसाना ने कहा कि पत्रकारों को इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं करवाकर प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र बड़ा ही सराहनीय कार्य कर रहा है। दो दिवसीय यात्रा में प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के सदस्य जयनारायण शर्मा, राजिंद्र वर्मा, देवीलाल बारना, सोहन लाल सैनी, डा. राजेश वधवा, नवोदित, सुनील धीमान, मुनीश मुंडे, दिलबाग सिंह, नरेश वधवा, जसपाल जस्सी, संजीव बंसल, अभिषेक पूर्णिमा, संजय वर्मा, जसबीर भट्ट, धर्मबीर, जरनैल रंगा, रविन्द्र कुमार शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे।

**मिसाल** एक कॉल पर पहुंचते हैं मदद को, भ्रांतियां तोड़कर जागरूकता भी फैला रहे

*अध्यापक और किसान होते हुए भी सेवा में अग्रणी*

# 55 बार रक्तदान कर चुके तिलकराज संधौला बने मिसाल और समाज सेवा के प्रेरणा स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा


**पिहोवा।** कैंप के दौरान रक्तदान करते तिलकराज संधौला।

हल्के के गांव संधौला निवासी तिलकराज ने मानव सेवा की एक ऐसी मिसाल कायम की है, जो हर किसी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनती जा रही है। उन्होंने एक या दो बार नहीं, बल्कि अब तक 55 बार रक्तदान कर समाज के सामने सेवा, समर्पण और जागरूकता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। तिलक राज केवल एक आम नागरिक नहीं हैं, बल्कि वे उन लोगों में शामिल हैं जो हर किसी की जान बचाने के लिए हर समय तत्पर रहते हैं। जैसे ही उन्हें कहीं भी रक्त की आवश्यकता की सूचना मिलती है, वे बिना देर किए मौके पर पहुंच जाते हैं। समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े होने के कारण वे एक फोन कॉल पर ही रक्तदान के लिए तत्पर रहते हैं। समाज में अक्सर यह भ्रांति देखने को मिलती है कि रक्तदान करने से शरीर में खून की कमी हो जाती है या स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। लेकिन तिलक राज जैसे जागरूक नागरिक इस गलतफहमी को दूर करते हुए बताते हैं कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है और शरीर कुछ ही समय में रक्त की कमी को स्वयं पूरा कर लेता है। यही कारण है कि वे निडर होकर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं। हाल ही में, अग्रवाल धर्मशाला में इस्हाक के एक परिवार द्वारा उनके भाई स्वर्गीय संदीप शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में तिलकराज ने 55वीं बार रक्तदान किया। जैसे ही उन्हें इस शिविर की जानकारी मिली, वे तुरंत वहां पहुंच गए और अपनी सेवा भावना का परिचय दिया। तिलकराज का मानना है कि 'रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे सीधे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है।' उनकी यही सोच उन्हें समाज में एक अलग पहचान दिला रही है। आज जरूरत है कि अधिक से अधिक लोग तिलकराज जैसे समाजसेवियों से प्रेरणा लें और रक्तदान जैसे नेक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। तिलकराज की यह यात्रा न केवल सराहनीय है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि सच्ची सेवा वही है, जो बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंदों के लिए की जाए। बता दे कि तिलकराज एक निजी स्कूल में अध्यापक के पद पर कार्यरत है और एक किसान भी है।

#### पिता को पड़ी खून की जरूरत, तब से जागा जनून

अध्यापक तिलक राज के पिता के पिता जब सन 1990 करनाल के हस्पताल में दाखिल हुए और खून की जरूरत पड़ी तब उन्होंने पहली बार खून दिया जिससे उनका खून दान करने का जनून जागा। खून दान के लिए उनके पारिवारिक सदस्यों ने उन्हें बहुत बार रोका की तुम्हें किसी प्रकार की दिक्कत आ जाएगी लेकिन उन्होंने इन सभी बातों से ऊपर उठकर रक्तदान करने से फिर वे पीछे नहीं हटे जो आज तक जारी है।

## खबर संक्षेप

### शैक्षिक सफर की शुरुआत करने के लिए किया प्रेरित

**अंबाला।** अंबाला छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर–2 में मंगलवार को *विद्या प्रवेश उत्सव* के अंतर्गत बालवाटिका–3 एवं कक्षा प्रथम के नवनागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में नवप्रवेशित बच्चों का उत्साहपूर्ण वातावरण में हार्दिक स्वागत किया गया, जिससे उनके प्रथम दिवस को यादगार बनाया जा सके। इस अवसर पर कक्षा 3, 4 एवं 5 के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत, आकर्षक नृत्य तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। छोटे बच्चों ने इन प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और विद्यालय के प्रति आत्मीयता का अनुभव किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा, उप प्राचार्य मनीष सेमवाल तथा मुख्याध्यापक अनिल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### हेरोइन तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में सीआईए-1 टीम ने आरोपी जतिन कुमार को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ सहित सेक्टर-34 टाउन पार्क के पास से गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि इस मामले में आरोपी विशाल उर्फ सागर भी शामिल हैं। सीआईए-1 टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी विशाल उर्फ सागर को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### जमीन हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए धोखे से जमीन हड़पने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 27 अप्रैल 2026 को दी शिकायत में बताया कि 24 अक्तूबर 2024 से 20 अप्रैल 2026 के बीच आरोपी नरेश कुमार व अन्य ने गांव लखनौरा में चेक के माध्यम से हेराफेरी करके उसकी जमीन हड़प ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेश कुमार को काबू किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया।


## विधायक निर्मल सिंह पर आजाद प्रत्याशी के समर्थन में नामांकन वापस लेने के लिए दबाव बनाने का आरोप

# वार्ड नंबर 5 से कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वापस लिया नामांकन, बीजेपी का दामन थामा

21 प्रत्याशियों ने वापस लिए नामांकन पत्र, चुनाव चिह्न बांटने का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव में मंगलवार को कांग्रेस के साथ बड़ा खेल हो गया। वार्ड नंबर 5 से कांग्रेस प्रत्याशी अमन सिंह उप्पल ने भाजपा प्रत्याशी राजेश मेहता के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया। इसके तुरंत बाद ही उन्होंने भाजपा का दामन थामते हुए कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह पर बेहद संगीन आरोप लगाए। उनका आरोप है कि विधायक के दबाव की वजह से उन्हें अपना नामांकन वापिस लेना पड़ा। विधायक आजाद प्रत्याशी रविंद्र गुप्ता का समर्थन करने के लिए दबाव बना रहे थे। नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से वार्ड नंबर 5 से अमन सिंह उप्पल को अपना प्रत्याशी बनाया था। टिकट मिलने की खुशी में अमन ने लड्डू तक बांटे। साथ ही नामांकन पत्र भी दाखिल किया था। मंगलवार को अचानक अमन ने अपना नामांकन वापिस लेने का ऐलान कर दिया। यह खबर सामने आते ही कांग्रेसियों की टेंशन बढ़ गई। अमन को मनाने के प्रयास किए लेकिन उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजेश मेहता के पक्ष में नामांकन वापिस ले लिए। इसके बाद उन्होंने विधायक निर्मल सिंह पर पीठ में छूरा घोपने के आरोप लगाए। अमन ने आरोप लगाया कि विधायक निर्मल सिंह ने उसे कोठी पर बुलाकर आजाद प्रत्याशी रविंद्र गुप्ता के पक्ष में अपना नामांकन पत्र वापिस लेने का दबाव बनाया गया। उप्पल ने बताया कि उसका परिवार सालों से कांग्रेस की विचाराधारा का समर्थक रहा है। मगर विधायक निर्मल सिंह के इस रवैये निराश होकर उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। अब निगम चुनाव में इसी वार्ड से भाजपा प्रत्याशी राजेश मेहता का समर्थन करेंगे। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नगर निगम चुनाव के मद्देनजर मेयर पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं । इनमें भारतीय जनता पार्टी से अक्षिता सैनी को कमल का फूल कांग्रेस पार्टी से कुलविंद्र कौर हाथ को चुनाव आजाद उम्मीदवार सोनिया रानी को सीटी चुनाव चिह्न आबंटित किया गया। वार्ड नंबर 1 से सदस्य पद के लिए आजाद उम्मीदवार गुरमेल राम को ऑटो रिक्शा, रणजीत कुमार को साइकिल, कांग्रेस पार्टी से सतविंद्र कौर को हाथ भाजपा के विशाल चौधरी को कमल का फूल आबंटित किया गया है। वार्ड नंबर 2 से कांग्रेस पार्टी की राजविंद्र कौर को हाथ, संध्या को कप प्लेट , भाजपा की वरखा रानी को कमल का फूल का चुनाव चिह्न दिया गया। वार्ड नंबर 3 से आजाद उम्मीदवार अमनदीप को शंख, भाजपा के मनीष आनंद को कमल का फूल, कांग्रेस पार्टी से प्रिंयका को हाथ आजाद उम्मीदवार साहिल को धनुष ,विजय कुमार को गैस सिलेंडर का चुनाव चिह्न आबंटित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 4 से कांग्रेस पार्टी से अशोक सोनी को हाथ, आम आदमी पार्टी से सुखविंद्र सिंह को झाड़ू भाजपा के वरिंद्र नाथ को कमल का फूल निशान दिया गया। वार्ड नंबर 5 से भाजपा के राजेश मेहता को कमल का फूल, आजाद उम्मीदवार रविंद्र कुमार को शंख निशान मिला। वार्ड नंबर 6 से भाजपा की अर्चना छिब्बर को कमल को फूल, कांग्रेस पार्टी से दिशा सहगल को हाथ व आम आदमी पार्टी से ज्योति को झाड़ू का निशान दिया गया। वार्ड नंबर 7 से भाजपा की मोनिका मल को कमल का फूल, आजाद उम्मीदवार शेन को तराजू का चुनाव चिह्न तथा कांग्रेस पार्टी से विक्रमजीत को हाथ का निशान आबंटित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 8 से कांग्रेस पार्टी की गुनजीत कौर को हाथ का निशान भाजपा की मीना ढींगरा को कमल का फूल चुनाव चिह्न आबंटित किया गया है। वार्ड नंबर 9 से आजाद उम्मीदवार दीपांशी को केतली कंवलजीत कौर को उगता सूरज कांग्रेस पार्टी से मेघा गोयल को हाथ भाजपा की शिवानी सूद को कमल का फूल निशान दिया गया है।वार्ड नंबर 19 से भाजपा के दिनेश सूद को कमल का फूल, कांग्रेस पार्टी से पुनीत को हाथ आजाद उम्मीदवार रविंद्र कुमार को केतली आजाद उम्मीदवार सुमन लता को गैस सिलेंडर का चुनाव चिह्न आबंटित किया गया। वार्ड नंबर 20 से कांग्रेस पार्टी से मनजीत देवी को हाथ व भाजपा की सपना को कमल का फूल चुनाव चिह्न दिया गया है।



अंबाला। कांग्रेस प्रत्याशी अमन उप्पल को भाजपा में शामिल करवाते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व प्रत्याशी ने छोड़ा मैदान

घोषित होने के बावजूद टिकट कटने से निराश सचिन पुनिया ने भी अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया है। जद्दोजेहद के बाद सचिन पुनिया का नामांकन पत्र दाखिल हो पाया था। नामांकन पर लगे ऑब्जेक्शन को भी मुश्किल से क्लीयर किया गया था। पर मंगलवार को अचानक सचिन पुनिया ने चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया। बता दें कि कांग्रेस की ओर जारी उम्मीदवारों की सूची में सचिन पुनिया को वार्ड नंबर 19 से उम्मीदवार बनाया गया था। पहले पार्टी ने एडवोकेट पुनीत कवि की जगह सचिन को प्रत्याशी बनाया था। मगर नामांकन पत्र दाखिल करने से ऐन पहले सचिन की जगह कांग्रेस ने पुनीत कवि को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसी वजह से सचिन पुनिया ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

### प्रत्याशियों को बांटे चिह्न

नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने मेयर व सदस्य पद पर नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों को चुनाव आयोग की हिदायतों व निर्धारित मापदंडों की पालना करते हुए चुनाव चिह्न आबंटित किए। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षक एवं अंबाला मंडलायुक्त संजीव वर्मा व सीईओ जिला परिषद गगनदीप भी मौजूद रहे। चुनाव आंबटित प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी स्वयं व उनके प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। तमाम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

### 21 ने वापस लिए नामांकन

रिटर्निंग अधिकारी विराट ने बताया कि मंगलवार को नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत मेयर पद के लिए चित्रा सैनी ने अपना नामांकन पत्र वापिस लिया है। सदस्य पद के लिए 21 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भी वापिस लिए हैं। जिनमें वार्ड नंबर 1 से इकबाल सिंह व मीनाक्षी राणा शामिल हैं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 2 से अमन कौर, वार्ड नंबर 3 से विकास शर्मा व इंद्रमोहन, वार्ड नंबर 4 से गुरविंद्र सिंह, वार्ड नंबर 5 से अमनप्रीत सिंह उप्पल व सजनी मेहता, वार्ड नंबर 11 से मीना सैनी, वार्ड नंबर 12 से पूजा रानी, वार्ड नंबर 13 से मंगल सिंह व रूपिंद्र सिंह, वार्ड नंबर 16 से आयुष ग्रोवर व हरबीर सिंह तथा मुकुल सचदेवा, वार्ड नंबर 17 से अमनदीप कौर, वार्ड नंबर 18 से ललित कुमार व सुरिंद्र कौर, वार्ड नंबर 19 से प्रीती सूद व सचिन पूनिया तथा संदीप कौर शामिल हैं।

### भाजपा के गुरविंद्र सिंह को कमल का फूल

वार्ड नंबर 10 से भाजपा के गुरविंद्र सिंह को कमल का फूल, आम आदमी पार्टी से कमलप्रीत सिंह को झाड़ू का निशान, आजाद उम्मीदवार प्रवीन को केतली कांग्रेस पार्टी की राजिंद्र कौर को हाथ का निशान आबंटित किया गया है। वार्ड नंबर 11 से कांग्रेस की अनुराधा को हाथ भाजपा की कविता रानी को कमल का फूल चुनाव दिया गया है। वार्ड नंबर 12 से भाजपा के कमलकांत गुप्ता को कमल का फूल कांग्रेस पार्टी से मिथुन वर्मा को हाथ का निशान दिया गया।

### आप पार्टी से अंशिका यादव को झाड़ू

वार्ड नंबर 13 से आम आदमी पार्टी से अंशिका यादव को झाड़ू, कांग्रेस पार्टी से प्रदीप कुमार को हाथ, आजाद उम्मीदवार शबनम को बाल्टी का भाजपा के शोभा सिंह को कमल का फूल निशान दिया गया है। वार्ड नंबर 14 से भाजपा की बीनू गर्ग को कमल का फूल तथा कांग्रेस पार्टी से पूनम देवी को हाथ का चुनाव चिह्न आबंटित किया गया है। वार्ड नंबर 15 से कांग्रेस पार्टी से भूपिंद्र सिंह उर्फ विक्की राणा को हाथ आजाद उम्मीदवार कृष्ण कुमार को साईकिल मनोज कुमार को कप प्लेट व भाजपा के राज कुमार गुप्ता को कमल का फूल चुनाव चिह्न दिया गया है।

### कांग्रेस के रविंद्र कुमार को हाथ का चिह्न

वार्ड नंबर 16 से आप से हरनेक सिंह को झाड़ू भाजपा की निकुंज चावला को कमल का फूल तथा कांग्रेस पार्टी से रविंद्र कुमार को हाथ का चुनाव चिह्न आबंटित किया गया है। वार्ड नंबर 17 से भजापा के गुरप्रीत सिंह साहनी को कमल का फूल, आप से जतिन कुमार को झाड़ू , कांग्रेस के प्रवीन को हाथ का निशान दिया है। वार्ड नंबर 18 से आजाद उम्मीदवार असीम अग्रवाल को धनुष, आजाद उम्मीदवार दलजीत सिंह भाटिया साइकिल, कांग्रेस पार्टी के हरमिंद्र सिंह को हाथ भाजपा के हितेष जैन को कमल का फूल, आप से मनजीत राय को झाड़ू व आजाद उम्मीदवार प्रेम भाटिया को उगता सूरज का चुनाव चिह्न दिया गया है।

## नगर निगम चुनाव को लेकर 65 मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण

- दूसरे चरण के तहत चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर मंगलवार को एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल व एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार की अध्यक्षता में एनआईसी कार्यालय के सभागार में मास्टर ट्रेनरों को दूसरे चरण के तहत चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। यह मास्टर ट्रेनर यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद कल से पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देने का काम करेंगे ताकि चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी तमाम जानकारी उन्हें देते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। दोनों अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनरों को कहा कि चुनाव में उनका अहम रोल होता है, इसलिए उन्हें प्रशिक्षण दिलवाया गया, ताकि चुनाव के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव में जिन भी कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है, वह अपने दायित्वों को बखुबी निभाते हुए चुनाव का सफलता पूर्वक आयोजन करवाएं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मास्टर ट्रेनरों को पंचायत भवन के सभागार में प्रशिक्षण दिलवाया गया है जिसके तहत उन्हें चुनाव से जुड़ी जो भी सामग्री होती है तथा चुनाव के दौरान उन्हे ईवीएम मशीन बारे, ईवीएम दस्तावेज के साथ-साथ अन्य जो भी कार्य होते हैं उस बारे विस्तार से जानकारी दी गई हैं। इस मौके पर एसडीएम ने मास्टर ट्रेनरों से चुनाव से जुड़े कुछ प्रश्न भी पूछे। बता दें कि चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर मास्टर ट्रेनरों को बारीकी से प्रशिक्षण दिलवाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि सभी मास्टर ट्रेनर यहां से विस्तार से जानकारी हासिल कर सकें ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की किसी को भी परेशानी न हो सकें।



अंबाला। मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देते एसडीएम व अन्य।

### ये रहे मौजूद

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों को चुनाव से पहले किए जाने वाले कार्यों के साथ-साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के तहत किए जाने वाले कार्यों बारे विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया गया। चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर लगभग 65 मास्टर ट्रेनर लगाए गए हैं। एसडीएम ने यह भी कहा कि जितना प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा हासिल किया जाएगा उतने ही बेहतर तरीके से वे पोलिंग पार्टियों को इस बारे प्रशिक्षण दे सकेंगे। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर सुशील अरोड़ा, मास्टर ट्रेनर लोकेंद्र, कुणाल शर्मा के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

# टीचर्स 30 किमी. दूर जाकर गांवों में करेंगे जनगणना

- जनगणना में टीचरों की ड्यूटी लगाने में प्रशासन की बड़ी लापरवाही आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रदेश में जनगणना कार्य के बीच सरकारी अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। खंड के टीचर्स की जनगणना में ड्यूटी खंड साहा के दूरस्थ गांवों में लगाई गई है। कई टीचरों ने बताया कि उनकी ड्यूटी तलहेड़ी गुजरान, उपलाना, झाड़ माजरा, रामगढ़ सहित गांवों में लगाई गई है। जबकि जांच में यह भी सामने आया है कि इस बेल्ट के कई गांवों के टीचरों को जनगणना के कार्य में लगाया ही कही गया है। ऐसे में एरिया के टीचर्स को इन गांवों में जाकर जनगणना करने का जिम्मा सौंपा गया है। जानकारी के मुताबिक जनगणना का नियम कहता है कि जनगणना में किसी भी कर्मचारी की ड्यूटी 10 किलोमीटर के दायरे में लगाई जानी चाहिए, लेकिन कई शिक्षकों का आरोप है कि उन्हें उनके आस पास के गांवों को छोड़ कर 25 से 30 किलोमीटर दूर स्थित के गांवों में भेजा जा रहा है। इससे न केवल उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि सुरक्षा और समय प्रबंधन को लेकर भी गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। क्योंकि शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को स्कूल टाइम से पहले और स्कूल टाइम के बाद जनगणना करने का आदेश दिया है। वर्ष 2011 में हुई जनगणना में ऐसा नहीं हुआ था। उसी गांव के स्कूल टीचर्स की वही गांव में ही ड्यूटी लगी थी। पता चला है कि सुहाना स्कूल के टीचर्स की ड्यूटी खंड साहा के टमनोली में 19 किमी दूर लगाई गई है। फोक्सा वाले टीचर्स की ड्यूटी उपलाना में 28 किमी दूर, बिकोपुर वाले की ड्यूटी 20 किलोमीटर दूर नौहनी में लगाई गई है। इसी प्रकार रामनगर वालों की ड्यूटी पोन्टी में 25 किलोमीटर दूर लगाई गई है।

### विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे

शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि इस निर्णय को जल्द वापस नहीं लिया गया और स्थानीय स्तर पर ही ड्यूटी नहीं लगाई गई, तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन अपनी इस चूक को स्वीकार कर शिक्षकों को राहत देता है या फिर मामला और तूल पकड़ता है। इस मामले तहसीलदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन कामयाबी नहीं मिल पाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## वार्षिक कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, 60 ने की हिस्सेदारी

- उत्कृष्ट कला कृतियों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला छावनी के ललित कला विभाग द्वारा दो दिवसीय वार्षिक कला प्रदर्शनी "आर्ट वाइब 2026" का सफल आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के प्रख्यात कलाकार एवं प्रोफेसर राकेश बानी ने किया। छात्रों की कलाकृतियों की सराहना करते उनके प्रयासों की प्रशंसा की तथा उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार सृजनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. देश राज बाजवा ने ललित कला विभाग को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा विभागाध्यक्ष डॉ. रणदीप सिंह और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान कीं। प्रदर्शनी में ललित कला विभाग के लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कला कृतियों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रुति सिंह, सरोज बाला, डॉ. अतुल, डॉ. शकुन, डॉ. तरसेम, डॉ. लकी वर्मा, प्रो. धर्मवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



अंबाला। प्रदर्शनी में रखी कलाकृतियों को देखते शिक्षक।

## बीईओ ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर–2 में विद्या प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा ने मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय अधोई का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निपुण हरियाणा ऐप के माध्यम से एफ एल एन कक्षाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित डाटा ऐप पर अपलोड किया। इसके पश्चात उन्होंने संकुल प्रभारी राज रानी के साथ राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुभरी एवं राजकीय उच्च विद्यालय सुभरी का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रों की उपस्थिति, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, कक्षा शिक्षण, मिड-डे मील, किचन गार्डन, शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। इस अवसर पर बीईओ ने विद्यालय स्टाफ से डिजिटल बोर्ड के उपयोग, लाइब्रेरी की पुस्तकों के आदान-प्रदान व उनके प्रयोग, खेल सामग्री की उपलब्धता और उनके उपयोग के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को किट्स के प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अंत में बीईओ ने स्टाफ को विद्यालय के रखरखाव, विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने तथा सभी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बराड़ा। स्कूली बच्चों का आकलन करते हुए बीईओ ।

## मंत्री अनिल विज बोले-नई कनेक्टिविटी मिलने से वाहन चालकों को होगा लाभ

# रंगिया मंडी से जीटी रोड तक नई सड़क बनाने के लिए रेलवे से भूमि लीज पर लेने का काम पूरा

सरकार से मिली मंजूरी,चार करोड़ की राशि राज्य सरकार रेलवे को देगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में रंगिया मंडी से जीटी रोड तक प्रस्तावित नई सड़क बनाने हेतु रेलवे से भूमि लीज पर लेने की मंजूरी राज्य सरकार द्वारा प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा जल्द यहां सड़क बनाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसी प्रकार, अंबाला छावनी के शाहपुर में ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान'' (आईडीटीआर) और ''आटोमेटड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' (एटीएस) स्थापित करने के लिए भूमि नगर परिषद से परिवहन विभाग को स्थानांरित करने की मंजूरी भी राज्य सरकार से मिल चुकी है। विज ने कहा कि दोनों कार्यों के लिए मंजूरी मिलने से अब सड़क निर्माण और ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान'' (आईडीटीआर) और ''आटोमेटड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' (एटीएस) की स्थापना जल्द कराने पर कार्य किया जाएगा। रंगिया मंडी से जीटी रोड तक नई रोड को बनाया जा रहा है। नई रोड के बनने से छावनी के मुख्य सदर बाजार व महेशनगर क्षेत्र से जीटी रोड को नई कनेक्टिविटी मिलेगी जिसका वाहन चालकों को लाभ मिलेगा। तैयार योजना के अनुसार नई रोड रंगिया मंडी ओवरब्रिज से जीटी रोड तक लगभग साढ़े 500 मीटर लंबी होगी जबकि यह 10 मीटर चौड़ी होगी। रोड डेडिकेटिड रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के साथ-साथ जीटी रोड तक बनाई जाएगी। यह रोड आने वाले समय में लोगों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी।



जीटी रोड से रंगिया मंडी तक फ्रेट कॉरिडोर के साथ प्रस्तावित भूमि जहां नई रोड बननी है।

### 300 वाहनों की फिटनेस जांची जाएगी

परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी के शाहपुर में ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान'' (आईडीटीआर) और ''आटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' (एटीएस) स्थापित करने के लिए भूमि नगर परिषद से परिवहन विभाग स्थानांरित करने की मंजूरी राज्य सरकार से मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि लगभग 13 एकड़ में यह संस्थान स्थापित होगा जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा 11.49 करोड़ की राशि पूर्व में ही स्वीकृत कर दी गई थी। इस संस्थान की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होगें तथा हजारों प्रशिक्षित युवाओं को और अधिक हुनरमंद बनाने अर्थात अधिक कौशलयुक्त तैयार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना से प्रति सप्ताह लगभग 300 वाहनों की फिटनेस की जांच की जाएगी।